प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- संविधान दिवस के मौके पर देश व प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित– प्रधानमंत्री ने संविधान को देश के वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक बताया।
- मुख्यमंत्री ने कहा–वर्ष 2032 तक हिमाचल को बनाया जाएगा देश का सबसे समृद्ध राज्य– सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता।
- राज्य परिवहन निगम की बसों में सब्जियां और दूध ले जाने पर किसानों से नहीं लिया जाएगा किराया।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर अनेक सरकारी पद समाप्त कर युवाओं को धोखा देने का लगाया आरोप।

संविधान दिवस

आज संविधान दिवस है। संविधान सभा ने आज ही के दिन वर्ष 1949 में संविधान को अंगीकार किया था जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में संविधान सदन के सेन्ट्रल हॉल में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान का उल्लेख एक जीवित व प्रगतिशील दस्तावेज के रूप में किया है और इसके जरिये देश ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्यों को हासिल किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने समाज के सभी वर्गों विशेषकर कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए हाल के वर्षों में कई उपाय किये हैं। उन्होंने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किये जाने की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य गणमान्य लोग भी समारोह में मौजूद रहे।

पीएम–संविधान दिवस

इस बीच उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में भी आज शाम संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के संविधान का निर्माण करने में संविधान निर्माताओं ने उल्लेखनीय कार्य किया है और देश काल व परिस्थिति के हिसाब से संविधान की समय समय पर व्याख्या कर सके, ये प्रावधान भी संविधान निर्माताओं ने दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा संविधान हमारे वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक है।

शिमला–संविधान दिवस

संविधान दिवस के मौके पर शिमला में नेहरू युवा केन्द्र की ओर से भव्य संविधान सम्मान पद यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों के अलावा, आईटीआई के विद्यार्थियों

और एन.एस.एस व एन.सी.सी कैडिटों ने अम्बेदकर चौक से विधानसभा तक पद यात्रा की। इस दौरान लोगों को संविधान के प्रति जागरूक किया गया। विधायक हरीश जनारथा ने इस जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस बीच प्रदेश के कार्यालयों में संविधान दिवस पर आज अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई गई।

समारोह–संविधान दिवस

भाजपा द्वारा संविधान दिवस पर आज शिमला में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के कानून व विधि विभाग के प्रोफेसर संजय संधू मुख्य वक्ता रहे।

उधर हमीरपुर के राजकीय महाविद्यालय बड़सर में संविधान दिवस को लेकर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने संविधान पर अपने विचार रखे। उप प्राचार्य डॉक्टर मनोज डोगरा ने बताया कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और वर्ष 2032 तक हिमाचल को देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाया जाएगा। शिमला में आज ग्रीन हिमाचल–समृद्ध हिमाचल को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा के माध्यम से प्रदेश में 3 हज़ार से अधिक युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं और राज्य के घरों की छतों पर लगभग 16 लाख सोलर रूफटॉप लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का सपना साकार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से लगभग 15 हज़ार युवाओं को रोज़गार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं और निर्माण, कृषि, चिकित्सा व आपदा के दौरान खाद्य वस्तुओं का वितरण करने में ड्रोन तकनीक महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

सीएम दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से दिल्ली दौरे पर हैं। उन्होंने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 43वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का दौरा किया और हिमाचल हस्तशिल्प व हथकरघा निगम, विभिन्न स्वयं सहायता समूहों, हिम ईरा और एच.पी.एम.सी द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इनमें शहद, कृषि उत्पाद, शॉल, फल उत्पाद, हस्तशिल्प और ऊनी वस्त्रों के स्टॉल शामिल हैं।

मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य परिवहन निगम की बसों में अब गुटखे व शराब के इश्तिहार नहीं लगाए जाएंगे। निगम की निदेशक मंडल की बैठक में ये फैसला लिया गया है। अग्निहोत्री ने बताया कि किसानों की सब्जियों और दूध को बसों में ले जाने की निशुल्क सुविधा देने का निर्णय भी बैठक में लिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निगम की लगभग एक हज़ार पुरानी बसें बदली जाएंगी, जिनमें 3 सौ 27 इलैक्ट्रिक बसें भी शामिल हैं।

आर.एस बाली

राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस बाली ने कहा है कि निगम के होटलों को निजी हाथों में देने की सरकार की कोई मंशा नहीं है और 18 होटलों को बंद करने के आदेश पर उच्च न्यायालय की डबल बैंच ने रोक लगा दी है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा नेता इस संबंध में झूठी बयानबाजी कर रहे हैं और निगम को निजी हाथों में देने संबंधी आरोप बेबुनियाद है।

बाली ने कहा कि पिछले वर्ष और इस वित्त वर्ष में राज्य पर्यटन विकास निगम का टर्नओवर सौ करोड़ रूपये से अधिक का रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक पैंशनरों को सभी देनदारियों का भुगतान किया जाएगा।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर युवाओं के साथ धोखा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां राज्य सरकार कई सरकारी पद खत्म कर रही है वहीं युवाओं के लिए नई भर्तियां भी नहीं निकाली जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री 6 सौ 80 करोड़ रूपये की स्टार्टअप योजना की गारंटी पूरा करने का दावा कर रहे हैं जबकि युवाओं को इसके बारे में पता ही नहीं है। विपक्ष के नेता ने पूछा है कि सरकार ये बताए कि स्टार्टअप योजना का पैसा किसे दिया गया है। उन्होंने किसानों से गोबर खरीदने की गारंटी पूरा करने संबंधी मुख्यमंत्री के बयान को झूठा बताया है।

जनजातीय दिवस

चंबा ज़िले के जनजातीय क्षेत्र भरमौर में आज जनजातीय गौरव दिवस के समापन समारोह का आयोजन किया गया। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब हर वर्ष जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा और अगले वर्ष पांगी में ये दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पांगी व भरमौर क्षेत्रों में महान

स्वतंत्रता सैनानी बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में 15 से 26 नवम्बर तक जनजातीय गौरव दिवस के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर जगत सिंह नेगी ने विभिन्न विभागों, बुनकरों और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा अपने उत्पादों पर लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।

## मौसम

प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार गिरावट जारी है और लोगों को सुबह–शाम कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में बीते लगभग 2 महीने से वर्षा न होने पर अब सूखे जैसी स्थिति बन गई है। वर्षा न होने से कई क्षेत्रों में किसानों ने अभी तक रबी फसलों की बुआई नहीं की है। मौसम विभाग ने प्रदेश में कई क्षेत्रों में 28 नवंबर तक घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 30 नवंबर से राज्य के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी या वर्षा की संभावना जताई है।

## सर्वोच्च न्यायालय–ईवीएम

सर्वोच्च न्यायालय ने एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका में निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन–ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर का इस्तेमाल करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीशों वाली खंडपीठ ने ईवीएम में कथित हेरफेर के कारण बैलेट सिस्टम पर लौटने की मांग को आज खारिज कर दिया।

## मुख्य समाचार एक बार फिर'

- संविधान दिवस के मौके पर देश व प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित– प्रधानमंत्री ने संविधान को देश के वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक बताया।
- मुख्यमंत्री ने कहा–वर्ष 2032 तक हिमाचल को बनाया जाएगा देश का सबसे समृद्ध राज्य– सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता।
- राज्य परिवहन निगम की बसों में सब्जियां और दूध ले जाने पर किसानों से नहीं लिया जाएगा किराया।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर अनेक सरकारी पद समाप्त कर युवाओं को धोखा देने का लगाया आरोप।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ–नमस्कार।